Worksheet-1

Subject - Hindi

Class-5 Section - A to F

# पाठ-2 आस्था और अभिलाषा

निर्देश:- कृपया अभिभावकों से अनुरोध है कि नीचे लिखे पाठ के गद्यांश को पढ़कर बच्चों से प्रश्नों के उत्तर लिखवायें।

डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम पहले गैर- राजनीतिक हस्ती हैं, जो देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत-रत्न' प्राप्त करने के बाद राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए हैं। वे मिसाइल मैन और वैज्ञानिक कलाम के नाम से प्रसिद्ध हैं। यह अध्याय कलाम की पुस्तक 'अग्नि की उड़ान' से लिया गया है। मैं बचपन से ही आकाश और पक्षियों के उड़ने के रहस्यों के प्रति काफी आकर्षित था। मैं कई पक्षियों को आकाश में उड़ाने भरते हुए और समुद्र के ऊपर मँडराते हुए देखता था। शुरू में मैं बहुत ही साधारण लड़का हुआ करता था। लेकिन मैंने बचपन में ही निश्चय किया था कि एक दिन मैं भी आकाश में ऐसी ही उड़ाने भरूँगा और वास्तव में कालांतर में उड़ान भरने वाला मैं रामेश्वरम् का पहला बालक था।

प्र०1 रिक्त स्थान भरिए-

1 डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम पहले __________ हस्ती हैं।

2 शुरू में मैं बहुत ही ________ लड़का हुआ करता था।

3 वास्तव में कालांतर में उड़ान भरने वाला मैं ________ का पहला बालक था।

प्र०2 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-

1 आकाश-

2 निश्चय-

3 साधारण-

प्र०3 निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर दीजिए-

प्र०1 'मिसाइल मैन' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?

प्र०2 डॉ० कलाम को मिले देश के सर्वोच्च सम्मान का नाम क्या है?

प्र०3 सम्मान प्राप्त करने के बाद वह किस पद पर आसीन हुए?

प्र०4 यह अध्याय कलाम की किस पुस्तक से लिया गया है?